**आज का मौसम**

धूप के बीच में बादल छाए रहेंगे। बारिश के आसार। उमस बढ़ेगी।

| 36.9° | 27.4° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:26 | सूर्यास्त 06:59 |

## एक नजर

### अवैध शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली के एसआई मेवालाल मौर्य ने जगदीश निषाद पुत्र स्व. चुनकू निवासी लुसरियन थाना नयागांव (सतना, मप्र) को 10 लीटर व मनोज पुत्र गरीबदास उर्फ मिर्चाई लाल निवासी मुसरियाना नयागांव को आठ लीटर देशी शराब महुआ के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

### तीन वारंटी आरोपी दबोचे

**चित्रकूट।** एसआई श्यामदेव सिंह ने एनआई एक्ट के वारंटी मिलन सिंह पुत्र राजेंद्र मौर्य निवासी चकरेही चौराहा को गिरफ्तार किया। एसआई प्रखर सिंह ने वारंटी सूरज पाल पुत्र नर्बद निवासी पथरौड़ी चौकी शिवरामपुर को पकड़ा। एसआई रविकांत राय व अरविंद सिंह ने वारंटी चंद्रमोहन पुत्र भोला प्रसाद निवासी इटवा को गिरफ्तार किया।

# बच्चों को दिया जाएगा आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण

## परिषदीय स्कूलों में चलेगा लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम

विकास श्रीवास्तव/ हरी नारायण पांडेय, चित्रकूट

**अमृत विचार।** सरकार पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को आत्मनिर्भर भी बनाना चाहती है। इसके तहत परिषदीय स्कूलों में लर्निंग बाय डूइंग अर्थात करके सीखो कार्यक्रम चलाया जाएगा। विकासखंडवार सर्वाधिक छात्र संख्या वाले दो स्कूलों को चुना गया है। कार्यक्रम के तहत बच्चों को जूस व खाना (पकौड़ा) बनाने से लेकर पंक्चर बनाने, खेती किसानी तक का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शासन के निर्देश पर बीएसए ने इस संबंध में सभी खंड शिक्षाधिकारियों को चार महीने पहले ही पत्र भेज दिए थे। इसमें महानिदेशक स्कूल शिक्षा उप्र के पत्र का जिक्र करते हुए प्रथम चरण में उप्रा कंपोजिट विद्यालयों में एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष को भी इसके लिए सुसज्जित करने के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, लर्गिंन बाई डूइंग यानी करके सीखो यानी एलबीडी कार्यक्रम के लिए परिषदीय स्कूलों में 50 प्रकार के उपकरण खरीदे गए है। एलबीडी कार्यक्रम के लिए हर ब्लॉक से दो ऐसे स्कूलों का चयन किया गया है, जिनमें बच्चों की संख्या सर्वाधिक है। जरूरी उपकरण और अन्य चीजों को खरीदने के लिए प्रत्येक चयनित स्कूल को 28,770 रुपये की ग्रांट राशि भेजी गई है। बच्चों के लिए यह कार्यक्रम कितना उपयोगी है, कौन बच्चों को सिखाएगा, कब सिखाएगा, और वास्तव में इस कार्यक्रम की उपयोगिता क्या है, इस संबंध में कोई शिक्षक खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। अभी इनको यह भी मालूम नहीं है कि किन किन कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### शिक्षक हैं ऊहापोह में

हालांकि इस योजना को लेकर शिक्षक ऊहापोह में हैं। कंपोजिट विद्यालय सुहेल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रप्रकाश ने बताया कि उनके विद्यालय का चयन फरवरी में किया गया था। मार्च में पैसा मिला तो लगभग 50 प्रकार के सामान की खरीद की गई। अभी भी विभाग से लगभग 50 प्रकार की सामग्री मिलना बाकी है। उनका कहना था कि 375 नामांकित छात्र संख्या है। समझ नहीं आता है कि विद्यालय के इतने काम के बाद इसके लिए कब समय निकालें। विनय केशरवानी प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय लोधौरा ने बताया कि 411 छात्र संख्या पर विद्यालय का चयन किया गया था। वर्तमान में 307 छात्र संख्या है। खेती से संबंधित फावड़ा, कुदाल, खुरपी, हंसिया, चाकू, छिलनी, मिक्सी, चम्मच, थाली, लोटा, कटोरी इत्यादि की खरीद की है। ऑनलाइन सत्यापन हो चुका है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इस सामग्री को बच्चों के प्रयोग के लिए खोला जाएगा। अभी डिब्बे में बंद रखी है। कंपोजिट विद्यालय बिहरवा के प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि पैसा देर से मिला था इसलिए लैप्स हो गया। अब जब मिलेगा तभी खरीद हो सकेगी।

### इन स्कूलों का हुआ चयन

जिले में पांचों ब्लाकों से दो-दो स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें रामनगर से कंपोजिट विद्यालय सुहेल व कंपोजिट विद्यालय लोधौरा, मऊ से कंपोजिट स्कूल कन्या और पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदई, पहाड़ी से कंपोजिट स्कूल अशोह और कंपोजिट स्कूल बिहरवा, मानिकपुर से कंपोजिट स्कूल अगरहुंडा और पूर्व माध्यमिक विद्यालय मदना के अलावा नगर क्षेत्र कर्वी से कंपोजिट स्कूल बनकट और पूर्व माध्यमिक विद्यालय खोह को एलबीडी योजना के लिए चुना गया है। कार्यक्रम के तहत कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### ------- अधिकारियों का यह है कहना -------

इस योजना के बारे में अभी ज्यादा जानकारी तो नहीं है पर शासन बच्चों को आत्मनिर्भर बना रहा है मौखिक बताने की अपेक्षा प्रक्टिकल करके दिखाने से बच्चों को भी समझ ज्यादा विकसित होती है।

**-एनपी सिंह, बीईओ रामनगर**

जीवन में पढ़ाई के साथ साथ आवश्यक कलाओं का ज्ञान भी आवश्यक है। बच्चों को पढ़ाई के लिए बाहर जाना पड़ता है वहां स्वयं भोजन भी बनाना पड़ेगा। मऊ के दोनों स्कूलों में सामग्री खरीदी जा चुकी है। अग्रिम निर्देश के अनुसार किया जाएगा।

**- केडी पांडेय, बीईओ मऊ**

एक स्कूल में पैसा आया है वहां सामग्री ले ली गई है। एक स्कूल में देर से पैसा आया जो लैप्स होकर वापस हो गया।

**- राजेश गुप्ता बीईओ पहाड़ी**

शासन बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ साथ आत्मनिर्भर बनने की शिक्षा भी दे रहा है। जो निर्देश मिलेंगे, उसीके अनुसार कियान्वयन कराया जाएगा।

**-मिथलेश कुमार, बीईओ मानिकपुर**

मार्च में ही स्कूलों में इस संबंध में सामग्री की खरीद की जा चुकी है। सरकार के निर्देश के अनुसार ही आगे काम किया जाएगा।

**-अतुल दत्त तिवारी, बीईओ कर्वी**



आंदोलन की रणनीति बनाते शिक्षक। अमृत विचार

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन आज

● **शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक सयुंक्त मोर्चा की बैठक**

**चित्रकूट।** शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक सयुंक्त मोर्चा सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन करेगा। इसके बाद जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जाएगा। मोर्चा की एक मैरिज हाल में हुई बैठक में इसकी रणनीति बनी। इसमें अवध बिहारी सिंह, कमलेश पांडेय, मथुरा प्रसाद वर्मा, विनय पांडेय, हर्ष त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह, श्यामसुंदर यादव, धर्मेंद्र सिंह, डॉ. दिलीप सिंह, इंद्रसेन यादव, सर्वजीत सिंह, रोशन सिंह, रमेशचंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, संतोष प्रजापति, लवलेश कुशवाहा, जितेंद्र सिंह, बालगोविंद, विकास यादव, इंद्र कुमार, मिथलेश कुमार, देवशरण, इंद्रलेश सिंह, सुंदरलाल गुप्ता आदि शिक्षक नेताओं ने विचार रखे। तय हुआ कि सभी शिक्षक अपराह्न साढ़े तीन बजे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचेंगे। बैठक का संचालन आनंद यादव ने किया।

# मिलेगी पुराने से निजात, बनेगा नया पुल

**अच्छी खबर**

चित्रकूट कार्यालय



यह है पुराना पुल, जिससे होता है आवागमन। अमृत विचार

● **टू-लेन नए पुल के प्रस्ताव स्वीकृति की प्रक्रिया जारी**

**अमृत विचार।** जिले के लोगों के लिए अच्छी खबर है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही मंदाकिनी नदी में बने लगभग सात दशक पुराने पुल से लोगों को निजात मिलेगी। पुल के बगल में ही लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग 16 मीटर चौड़ा पुल बनवाएगा। इसका प्रस्ताव विभाग की ओर से स्वीकृति के लिए केंद्र को भेजा गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही इसकी स्वीकृति भी मिल जाएगी।

जानकारी के मुताबिक हाईवे पर बना पुल लगभग 72 साल पुराना है। इसकी अवधि पूरी हो चुकी है और जैसे तैसे जीर्णाद्धार करके अभी काम चलाया जा रहा है। मुख्यालय को बांदा जिले से जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण पुल है। तीर्थक्षेत्र से भी ज्यादातर लोग कर्वी इसी पुल से ही होकर आनाजाना होता है। ऐसे में इससे रोजाना हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहनों का निकलना होता है। यह सिर्फ साढ़े पांच मीटर चौड़ा है। बताते हैं कि मंदाकिनी सेतु का निर्माण वर्ष 1952 में हुआ था। तब यातायात कम था और अब तब की तुलना में बहुत ज्यादा। जानकारी के अनुसार, नए पुल के प्रस्ताव की स्वीकृति लगभग तय है। ऐसे में झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करने वालों के लिए आने वाले समय में यातायात सुगम हो जाएगा। जिसकी चौड़ाई काफी कम है पुराना सेतु महज 5.50 मीटर चौड़ा है। हालांकि जिस समय निर्माण हुआ था इस मार्ग में उतना आवागमन नहीं था। गिने-चुने वाहन निकलते थे। नए पुल की आवश्यकता को लेकर आवाजें बुलंद हैं। सदर विधायक अनिल प्रधान भी मुख्यमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता विवेक साहू ने बताया कि नए टू लेन सेतु 16 मी. चौड़े के निर्माण के लिए सर्वे हो चुका है। मुख्य अभियंता लखनऊ कार्यालय ने जून में प्रस्ताव बनाकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय स्वीकृति के लिए भेजा है, जो स्वीकृति की प्रक्रिया में है। स्वीकृति मिलने पर एनओसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# ट्रक चालक पर दर्ज कराई एफआईआर

**मऊ (चित्रकूट)।** थानांतर्गत बल्हौरा निवासी ललिता कुमारी ने अज्ञात ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि नौ मई की शाम वह पति विरेंद्र कुमार के साथ बाइक से लालता रोड से घर लौट रहे थे । इस दौरान बरिया के पंचायत भवन के पास लालता रोड की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे पति गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां से उनको प्रयागराज रिफर कर दिया गया। 13 मई को पति की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसने बताया कि घर में कोई न होने की वजह से वह उस समय रिपोर्ट दर्ज नहीं करा पाई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उपचुनाव ने बताया, लोगों का भाजपा से मोहभंग

कार्यालय संवददाता, चित्रकूट



मोहित पाल का स्वागत करते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

● **प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ मोहित पाल का स्वागत**

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव मोहित पाल का रविवार को गृहजनपद पहुंचने पर कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। टाउन हाल में हुई सभा में मोहित ने कहा कि उपचुनाव में साबित कर दिया है कि जनता का भाजपा से मोहभंग हो गया है। वह अब धर्म की राजनीति करने वालों के झांसे में नहीं आने वाली।

उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लोग अब धर्म की राजनीति करने वालों के पीछे नहीं भागने वाले। मोदी का झूठा जादू उतरने लगा है। लोग अब राहुल गांधी पर भरोसा जता रहे हैं। अयोध्या, प्रयागराज और चित्रकूट में लोकसभा चुनाव में भाजपा को हार मिली और अब बद्रीनाथ भगवान ने भी इनको सबक सिखाया है। विदेश में डंका बजने का दावा करने वालों से मणिपुर नहीं सभल रहा। पीएम विदेश में बड़ी बड़ी बातें करते हैं और देश में खिलाड़ियों से ज्यादती, हाथरस और मणिपुर के मुद्दों पर मौन रहते हैं। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि योगीजी का बुलडोजर पक्षपात करता है। मात्र एक समुदाय को टारगेट किया जा रहा है। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि संविधान विरोधी लोगों को जनता समझ गई है। लोकसभा चुनाव के बाद कई प्रदेशों में हुए विधानसभा उपचुनाव ने भी यह बात साबित कर दी है कि लोग कांग्रेस की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि इंडिया गठबंधन आने वाले समय में प्रदेश में सरकार बनाएगा। इस मौके पर जितेंद्र पटेल, रंजना पांडेय, ममता पाल, राजनारायण यादव, शिवगुलाम वर्मा, रमादत्त मिश्र, हरिहर सहाय विश्वकर्मा, अवधेश करवरिया, डा. राकेश वर्मा, अरुण गुप्ता, भोला नामदेव आदि मौजूद रहे। संचालन सेवादल जिलाध्यक्ष चुनबाद प्रसाद एडवोकेट ने किया।

# दहेज के लिए हत्या का आरोप पति सहित 4 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● **बांदा जिले में है मृतका आरती का मायका**

**अमृत विचार।** बांदा जिला निवासी एक व्यक्ति ने बेटी के ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने बिटिया के पति सास-ससुर और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बबेरू (बांदा) थानांतर्गत गौरी खानपुर मजरा हरदौली निवासी कैलाश यादव ने बताया कि उसने अपनी पुत्री आरती की शादी 21 जून 2022 को भरतकूप थानांतर्गत इटखरी निवासी विकास यादव पुत्र रामनिहोर से की थी। आरोप लगाया कि ससुराली दहेज के लिए वह उसकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। आरोप लगाया कि 9 जुलाई की रात इन लोगों ने उसकी बेटी की फांसी लगाकर हत्या कर दी। उसका कहना है कि इसके पूर्व उसकी बेटी ने उन लोगों को फोन कर हत्या की आशंका जताई थी। जिला अस्पताल में भी ससुरालीजनों ने बेटी का चेहरा नहीं देखने दिया। उसका कहना है कि शव पर मारपीट के निशान थे। पुलिस ने दहेज प्रतिषेध नियम सहित अन्य धाराओं में पति, सास-ससुर और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मोबाइल बरामद, आरोपी धरा

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** 11 जुलाई को बनवारी निवासी सालिकपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि छह जुलाई को अनूप पुत्र अजय ने घर में घुसकर मोबाइल व 30 हजार रुपये चोरी कर लिए। रविवार को एसआई सुरेश प्रताप सिंह ने आरोपी को जयचंद सिंह महाविद्यालय सालिगपुर के पास से पकड़ कर मोबाइल,90 रुपये बरामद कर लिए।

### अपहृता को ढूंढकर परिजनों को सौंपा, आरोपी को दबोचा

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** एसआई ने अपहृता को ढूंढकर परिजनों को सौंपा। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। 22 जून को एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को समीर खटीक पुत्र बब्लू सोनकर निवासी शिवनगर बहला फुसलाकर ले गया है। एसआई ने अपहृता को सकुशल ढूंढ निकाला। आरोपी समीर गिरफ्तार किया गया। अपहृता को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया। पुलिस टीम में आऱक्षी भाष्कर शुक्ला और अंशू सैनी शामिल रहीं।

# मातमी धुन के साथ निकला पलंग

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने किया लंगर का आयोजन। अमृत विचार

● **कस्बे के शाही इमामबाड़े में जुटे मुस्लिम समाज के लोग**

**अमृत विचार।** कस्बे के शाही इमामबाड़े से मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहर्रम की सातवीं तारीख को इमाम हसन के बेटे कासिम के शहीद दिवस पर पलंग निकाला गया। मातमी धुन के साथ कस्बे के निर्धारित मार्गों से पुनः शाही इमामबाड़े में पलंग रखकर फातिहा देकर लंगर का आयोजन किया गया।

मुस्लिम समाज राजापुर के अध्यक्ष अतहर नईम ने बताया कि मोहर्रम की सात तारीख को मुस्लिम समाज द्वारा इमाम हुसैन के भतीजे और इमाम हसन के बेटे कासिम के शहीद दिवस के रूप में पलंग को जनाजा मानकर मातम के साथ पलंग का आयोजन किया जाता है। आज के दिन कासिम कर्बला में युद्ध करते हुए शहीद हो गए थे। उन्होंने बताया कि शाही इमामबाड़े से पलंग उठाकर मातम धुन के साथ ढोल और नगाड़ों के बीच इमामबाड़े से सब्जी मंडी रोड होते हुए नाजना बेगम, नूरी खान, रेशम खान, गुंजा खान, गुनगुन खान, रोजी खान, मोहम्मद सैफ, शकील ख़ान, इनाया खान के दरवाजों पर लंगर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सुरसेन, चांदी, ममसी, सरधुआ, धौरहरा, गड़वारा, कलवलिया, रायपुर आदि में भी पलंग निकालने की रस्म की गई। ताजियादार साबिर अली, रईस अहमद, वसीम कुरेशी, लाली खान, मोहम्मद समीम, इस्लाम, नईम, मोहम्मद अली, महबूब, आबिदा अली, साबिद अली, भाई जान, कल्लू खान, मोहम्मद मिराजुल आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर उपनिरीक्षक इमरान खान, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, सिपाही शुभम मिश्रा आदि जुलूस के साथ मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बिटिया को फुसलाकर ले गए दो लोग, रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** भरतकूप थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने बांदा के बघेलाबारी थाना फतेहगढ़ निवासी युवक पर नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। उसने आरोपियों और उसके साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्रामीण ने आरोप लगाया कि उसकी 16 वर्षीया बेटी पांच जुलाई की रात से घर से गायब है। जब उसने पता किया तो जानकारी मिली की उसे उसका विरोधी दीपक त्रिपाठी निवासी ग्राम बघेलाबारी अपने दो साथियों के साथ ले गया है। उसने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार की है।

### डाक से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** डाक से मिली तहरीर के आधार पर पहाड़ी थाने में एक रिपोर्ट दर्ज की गई। प्रभारी निरीक्षक के डाक पैड से थाना होशियारपुर जिला नोयडा मूल पता वाराणसी निवासी मीनू सिंह पुत्री कृष्ण मुरारी सिंह का प्रार्थनापत्र मिला था। इसमें मीनू ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए 20 लाख रुपये की मांग करने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति आशुतोष द्विवेदी, सास संगीता, ननद पूजा त्रिपाठी, ननदोई अभिषेक और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



घटना की जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

### पानी भरे गड्ढे में गिरी बच्ची ,गई जान

**मऊ (चित्रकूट)।** थाना क्षेत्र के सेसा सुबकरा गांव में पानी भरे गड्ढे में गिरकर एक मासूम की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, रविवार की सुबह लगभग 10 बजे रामकुशल निषाद की चार वर्षीया बेटी मिंता देवी एक गड्ढे के पास खेल रही थी। बताया जाता है कि अचानक उसका पैर फिसल गया और वह उसमें जा गिरी। जब तक उसे निकाला जाता, उसकी सांसें थम चुकी थीं। थाना प्रभारी विनोद कुमार राय और पुलिसकर्मियों में मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।



शहर की ड्रोन कैमरे से चौकसी। अमृत विचार

### पुलिस ने की ड्रोन कैमरे से शहर की निगरानी

**चित्रकूट।** मोहर्रम त्यौहार को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की सतर्कता जारी है। सर्विलांस/एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में रविवार को टीम ने शहर के लक्ष्मणपुरी, एलआईसी तिराहा, कालीदेवी चौराहा, भगवानदीन, ट्रैफिक चौराहा आदि में ड्रोन कैमरे से निगरानी की।

### नदी के किनारे बनती मिली शराब

**चित्रकूट।** आबकारी विभाग की टीम ने रविवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत डिलौरा गांव में मंदाकिनी नदी के किनारे दबिश दी। मौके से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। 800 किग्रा लहन, शराब बनाने की भट्ठी व उपकरणों को नष्ट किया गया।

**खबर का असर** ‘अमृत विचार’ ने आकृष्ट कराया था जिम्मेदारों का ध्यान

# तीर्थक्षेत्र की सड़कों की ‘मरहम-पट्टी’, आवागमन आसान हुआ



पहले का हाल। अमृत विचार



पैचवर्क के बाद सड़क की स्थिति। अमृत विचार



तीर्थक्षेत्रः सड़कों के गड्ढों में बिखरे विकास के दावे

अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

● **जानकीकुंड, रघुवीर मंदिर जाने वाली सड़कों के गड्ढे भरे गए**

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** आखिरकार तीर्थक्षेत्र में सड़कों पर बने गड्ढों को भर दिया गया। इससे लोगों को बरसात में आनेजाने में सहूलियत होगी। इस संबंध में बीते दिनों ‘अमृत विचार’ ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था।

तीर्थक्षेत्र में सड़कों पर बारिश में लोगों को चलने में अब कम दिक्कत होगी। यहां की सड़कों की मरहम-पट्टी कर दी गई है। गौरतलब है कि तीर्थक्षेत्र में सड़कों की बदहाली लंबे अरसे से है।

खास तौर पर मप्र सीमांतर्गत इलाकों में ज्यादा दिक्कत है। बरसात में स्थानीय लोगों को तो दिक्कत होती ही है, बाहर से आने वाले तीर्थयात्री भी परेशान होते हैं। इस संबंध में ‘अमृत विचार’ ने सात जुलाई के अंक में, तीर्थक्षेत्रः सड़कों के गड्ढों में बिखरे विकास के दावे, शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। इसमें बाहर से आए लोगों से भी बात की थी, जिन्होंने सड़कों को लेकर अच्छी राय नहीं रखी थी। आखिरकार जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर गया। जानकीकुंड, रघुवीर मंदिर, आरोग्यधाम, सतना बस स्टैंड और विद्याधाम जाने वाली सड़क के गड्ढों को पाटकर दुरुस्त कर दिया गया। बताया गया कि अन्य सड़कों को भी ठीक किया जाएगा। बरसात के बाद इनको पूरी तरह दुरुस्त किया जाएगा। लोगों ने ‘अमृत विचार’ की इस पहल की सराहना की।

# देवर की शादी में गया पति तो लगा ली फांसी

**मऊ (चित्रकूट)।** पत्नी ने पति को चचेरे देवर की शादी में जाने से मना किया। पति नहीं माना तो पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से घर में रोना-पिटना मच गया। एक साल पहले ही दोनों की शादी हुई थी।

घटना मऊ थानांतर्गत भिटरिया गांव की है। बताया जाता है कि भिटरिया गांव निवासी नंनू निषाद के चचेरे भाई की शनिवार शाम बारात जानी थी। पत्नी शिवानी देवी (20) नहीं चाहती थी कि नंनू बारात में जाए। इसको लेकर दोनों में विवाद हुआ था। बाद में नंनू बारात में चला गया। बताते हैं कि इससे क्षुब्ध होकर शिवानी ने रात लगभग तीन बजे अपने कमरे में रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएचओ मऊ विनोद कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शिक्षकों ने शासन पर लगाया धमकाने का आरोप

## प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में तय की गई आंदोलन की रणनीति, आरपार लड़ाई की भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्य समिति की बैठक में शासन के आनलाइन उपस्थिति के संबंध में जारी आदेशों के विरुद्ध प्रस्ताव पारित करते हुए विरोध जारी रखने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। आरोप लगाया कि शासन शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने के बजाए उन्हें धमका और बदनाम कर रही है। निर्णय लिया कि शिक्षक अब विद्यालय में केवल शिक्षण का कार्य करेंगे। सभी विभागीय ग्रुप से अलग रहेंगे।

आनलाइन उपस्थिति के खिलाफ परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के सुर तेज होते जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को शहर के बंगालीपुरा स्थित टीचर्स कोआपरेटिव सोसाइटी भवन में प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्य समिति की बैठक में आंदोलन तेज करने के लिए शिक्षकों ने हुंकार भरी। प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि आनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संघ का चरण बद्ध आंदोलन जारी है। इसके पहले ब्लाक में इस प्रक्रिया के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया, इसके उपरांत 11 और 12 जुलाई को सभी बीआरसी में धरना देकर हस्ताक्षर अभियान शिक्षकों द्वारा चलाया गया। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भागीदारी की। त्रिपाठी ने कहा कि जहां एक ओर शिक्षक से सभी विभागीय सूचनाएं और कार्य उनके व्यक्तिगत मोबाइल से ही कराए जाते हैं और जब वह मोबाइल चलाता है तो उस पर कार्रवाई की जाती है। सरकारी टेबलेट चलाने के लिए भी ओटीपी शिक्षक के व्यक्तिगत फोन पर आती है। ऐसे में शिक्षकों ने निर्णय लिया है कि शिक्षक अब विद्यालय में केवल शिक्षण का कार्य करेंगे और सभी विभागीय ग्रुप से अलग रहेंगे। संगठन के आह्वान पर सैकड़ों शिक्षक विभागीय ग्रुप छोड़ चुके हैं। इसी क्रम में जिला मंत्री प्रजीत सिंह ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की जगह उनको धमकाने और बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव एवं संयुक्त मंत्री जय किशोर दीक्षित, कोषाध्यक्ष रामसुफल कश्यप, पूनम यादव, अंजना तिवारी, नंदिता चैहान ने भी बैठक में अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के अंत में सर्व सम्मत से निर्णय लिया गया कि आनलाइन उपस्थिति के विरोध में संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में सुशील मिश्रा, डा.इदरीश मोहम्मद, राकेश सिंह सहित सभी जिला पदाधिकारी, महिला पदाधिकारी शामिल रहीं।



बैठक को संबोधित करते प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी। अमृत विचार

### एक मिलियन से अधिक ट्वीट कर शिक्षकों ने दर्ज कराया विरोध

- बुधवार को पूरे प्रदेश में बेसिक विभाग के शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ट्वीटर अभियान चलाया। यह ट्रेंडिंग और चर्चा का विषय बना है। इस ट्विटर अभियान में जिले के शिक्षकों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। एक मिलियन से अधिक ट्वीट करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ ने आनलाइन उपस्थिति पर विरोध दर्ज कराया। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध नहीं कर रहे।, हमारी मांग 30 ईएल, हॉफ सीएल, राज्य कर्मचारी का दर्जा, कैशलेश चिकित्सा, गृह ब्लॉक में तैनाती जैसे और मुद्दे है, जिसे शासन पूरा करें।

### शिक्षकों का पैदल मार्च आज बीएसए को सौंपेंगे ज्ञापन

- ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध तेज हो गया है। प्राथमिक शिक्षक संघ सोमवार को जेएन महाविद्यालय से पैदल मार्च निकालकर विरोध जताएगा। शांतिपूर्वक पैदल मार्च निकालकर आंदोलनकारी शिक्षक जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेगे। प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने शिक्षकों से पैदल मार्च में बढ़चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया है।

# संघ की शाखाएं सर्वांगीण विकास के साथ करती हैं व्यक्तित्व का निर्माण

संवाददाता, अतर्रा

- प्रकृति संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा लगाने का किया आह्वान
- खेलकूद के साथ सहभोज में स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर की भागीदारी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई के वन विहार कार्यक्रम के दूसरे चरण में गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने शारीरिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें योग, आसन, खेल, दंड, नियुद्ध एवं समता का प्रदर्शन हुआ। जिला प्रचारक ने कहा कि संघ की शाखाएं सर्वांगीण विकास के साथ व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं।

तहसील क्षेत्र के पौंडरा गांव स्थित सिद्ध पीठ तपोवन वाटिका पहाड़िया दाई स्थान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वन विहार कार्यक्रम का द्वितीय सोपान रविवार को खत्म हो गया। आरएसएस जिला प्रचारक अनुराग ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डा.केशवराव बलिराम हेडगेवार ने 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी को दी थी। संघ की शाखाओं में व्यक्तित्व निर्माण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। समाजिक समरसता लाने के लिए इसका हर सदस्य अपने स्तर से प्रयास करता है। जाति भेद समाप्त करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सभी से प्रकृति संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया। इस दौरान शारीरिक एवं मानसिक रूप से परिपक्वता देने वाले अंताक्षरी, खो-खो, नेता खोज, वस्तु खोज खेलों को स्वयं सेवकों ने खेला। सह भोज ने स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की।

इस दौरान सिद्ध पीठ तपोवन वाटिका पहाडिया दाई महाराज अजयदास, नगर संघ चालक संतोष द्विवेदी, नगर कार्यवाह सत्यनारायण, सह नगर कार्यवाह शैलेंद्र, स्वयंसेवक दिनेश गौतम, लक्ष्मीकांत, अभिषेक समेत तमाम स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


वन विहार कार्यक्रम में सहभोज करते स्वयंसेवक। अमृत विचार


परिवार समेत अनशन पर बैठा पिता। अमृत विचार

## कब्जे के खिलाफ पीड़ित का अनशन जारी

**बांदा।** दबंगों से जमीन व मकान में किए गए अवैध कब्जे को हटवाए जाने की मांग को लेकर ग्राम पल्हरी निवासी पीड़ित ग्रामीण जो कि अनुसूचित जाति का है जो अपने पूरे परिवार के साथ अशोक स्तंभ तले अनशन जारी रखे हुए है।

पीड़ित बंसतलाल ने बताया कि अनशन करते हुए पांच दिन हो गए हैं अब तक किसी भी अधिकारी द्वारा उसकी समस्या के समाधान के लिए कोई सुध नहीं ली गई है। पीड़ित ने बताया कि उसकी जमीन व मकान में गांव के दबंग द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग वह उप जिलाधिकारी बबेरू, चैकी प्रभारी से की जा चुकी है, लेकिन अब तक उसे कोई न्याय नहीं मिला है, बल्कि दबंगों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह दबंग धमकी देने के साथ-साथ दीपू सिंह व बहन मंजू पर हमला भी कर चुके हैं, जिनके विरूद्ध शिकायत देने के बावजूद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। दबंगों के हौसले बढ़े हुए हैं। पीड़ित का यह भी कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता परिवार सहित अनशन जारी रखेंगे।

# चेन स्नेचिंग में दो लोगों को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बदमाशों के पास से सोने की चेन, नकदी व बाइक बरामद

**अमृत विचार।** दो चेन स्नेचरों को शहर कोतवाली और एसओजी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लूटी गई सोने की तीन चेन बरामद कर ली। बदमाशों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक, नकदी समेत दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाशों के पुलिस ने अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बदमाशों ने कई वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है।

तीन दिनों पहले शहर कोतवाली क्षेत्र के स्वराज कालोनी निवासी मंजू गुप्ता के गले से सोने की चेन खींचकर दो अज्ञात बाइक सवार फरार हो गए। पीड़िता ने शहर कोतवाली में घटना की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। एसपी अंकुर अग्रवाल ने शहर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम गठित करते हुए घटना के खुलासे के निर्देश दिए।

घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए पुलिस ने बदमाशों की पहचान कर ली। रविवार को मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली व एसओजी की संयुक्त टीम ने राजकीय इंटर कालेज के पास घेराबंदी करते हुए शाहजहांपुर जिले के मिश्रीपुर निवासी अजय कुमार पुत्र छेदालाल प्रजापति और कानपुर जिले के साढ़ थाना क्षेत्र के बेहटा गंभीरपुर निवासी बृजेश सिंह पुत्र रमेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के पास से महिला से छीनी गई सोने की चेन और घटना में प्रयुक्त बाइक समेत दो मोबाइल फोन और 2200 रुपये नकद बरामद किए। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार सिंह, सिविल लाइन चैकी प्रभारी परवेज अहमद, प्रभारी उप निरीक्षक शुभम कौशिक, हेड कांस्टेबिल अश्वनी प्रताप सिंह व कांस्टेबिल अजय यादव, अमित कुमार और सूर्यांशू शामिल रहे।



पकड़े गए बदमाश। अमृत विचार

# सपा छात्र सभा ने धरना दे किया प्रदर्शन, नारेबाजी

- विश्वविद्यालयों में मनु स्मृति लागू किए जाने पर जताया विरोध कहा, सरकार की कुनीतियां बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.इमरान इदरीश के आह्वान पर संगठन के छात्रों ने कचहरी चैराहा स्थित अंबेडकर पार्क में भाजपा द्वारा विश्वविद्यालय में मनुस्मृति को शामिल करने के विरोध में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। चेतावनी दी है कि वह इस नीति का विरोध जारी रखेंगे।

समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा के नेतृत्व में संगठन के बड़ी संख्या में छात्रों व समाजवादी पार्टी के लोगों ने कचहरी तिराहा स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा के नीचे बैठकर भाजपा द्वारा यूनिवर्सिटी में फैकल्टी आफ लॉ अंडर ग्रेजुएट प्रोगाम के अंतर्गत धार्मिक ग्रंथ मनु स्मृति को शामिल करने की नीति का जोरदार विरोध सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर व्यक्त किया और यह संकल्प लिया कि समाजवादी छात्र सभा मनु स्मृति लागू न करने को लेकर अपना विरोध जारी रखेंगे और भाजपा सरकार की कुरीतियो का विरोध भी संगठन द्वारा जारी रहेगा। छात्र सभा के धरना प्रदर्शन में उमेश यादव, प्रदीप यादव, राकेश राजपूत, कुदरत उल्ला, नेतरात वर्मा, पिंटू यादव, अर्चना पटेल, शगुफ्ता सिद्दीकी, उर्मिला वर्मा, राजकुमार गुप्ता राजू, अजय निषाद, रामफल राजपूत, शाहिद अली, महेंद्र यादव, यशवंत यादव, उदय, फराज, अनुराग व राजेश यादव आदि शामिल रहे।


अंबेडकर प्रतिमा के नीचे धरना देते सपा छात्र सभा पदाधिकारी। अमृत विचार

# श्रेष्ठा परीक्षा में सत्यम को 118वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सेंट्रल अकादमी में शिक्षा ग्रहण करेगा मेधावी छात्र

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित श्रेष्ठा परीक्षा-2024 में बिसंडा ब्लाक के ग्राम उमरेहड़ा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र सत्यम कुमार ने पूरे भारत में 118वीं रैंक हासिल की है। यह मेधावी छात्र अब लखनऊ स्थित सेंट्रल अकादमी में शिक्षा प्राप्त करेगा। कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई का खर्चा एवं छात्रावास सुविधा सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मई माह में कानपुर में यह परीक्षा आयोजित हुई थी। इसमें सफल छात्र-छात्राओं को देश के श्रेष्ठ हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में निरूशुल्क प्रवेश एवं छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाती है। यह परीक्षा एससी छात्र-छात्राओं के लिए होती है। सत्यम के साथ विद्यालय के तीन अन्य छात्रों का चयन इस वर्ष राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2024 में भी हो चुका है, जिसके अंतर्गत सफल छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक हर साल 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यालय के विज्ञान शिक्षक अब्दुल इरशाद द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं नियमित रूप से संचालित की जाती हैं। जिसमें बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तक निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। संबंधित परीक्षाओं के मॉडल पेपर उपलब्ध कराकर समय-समय पर बच्चों का टेस्ट लिया जाता है।


मेधावी छात्र सत्यम। अमृत विचार

## छोटी बहन से विवाद पर खाया जहर, मौत

**बांदा।** मवई गांव निवासी सुतकीरत (45) पत्नी श्याम चरण का शनिवार की दोपहर घरेलू किसी बात को लेकर छोटी बहन रेखा से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर सुतकीरत ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को जानकारी हुई तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। चचेरे जेठ महेश यादव ने बताया कि सुतकीरत और रेखा एक ही घर में ब्याही थीं। किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इसी से सूतकीरत ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली।

# धूमधाम से निकली महाराजा दक्ष प्रजापति की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा फोरम ने जयंती पर किया आयोजन

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा फोरम के तत्वावधान पर दक्ष प्रजापति महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर गाजे-बाजे के साथ शहर में महाराजा दक्ष प्रजापति की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जगह-जगह शोभा यात्रा पर लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए जोरदार स्वागत किया। सामाजिक उत्थान गोष्ठी में दक्ष प्रजापति महाराज के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा फोरम के तत्वाधान में रविवार को महाराजा दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

भव्य शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से निकालकर जिला परिषद चैराहा पहुंची। यहां यात्रा का समापन हुआ। जन्मोतव कार्यक्रम के बाद सामाजिक उत्थान गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें समाज के सामाजिक न्याय आर्थिक राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने और शिक्षा पर बल दिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज के लोगो और महिलाओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्णचंद्र प्रजापति टिंकू और संचालन महेश कुमार प्रजापति ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल प्रजापति ने कहा कि संगठित होकर समाज को सामाजिक स्थिति मजबूत करने के लिए शिक्षा पर आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान और शिक्षित करना होगा। आने वाले पंचायत चुनावों मे ग्रामीण स्तर पर समाज को जागरूक करना होगा। इस मौके पर जगन्नाथ दास, संजीव कुमार प्रजापति, गयादीन प्रजापति, जोहरिया प्रजापति, ओमप्रकाश लाला, अशोक प्रजापति, आलोक दक्ष, रविंद्र प्रजापति, शकुंतला देवी, अमित प्रजापति विनय प्रजापति, लोकदत्त प्रजापति, पंकज प्रजापति आदि उपस्थित रहे।


महाराजा दक्ष प्रजापति की शोभायात्रा में शामिल पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**खुशी जताई** देश में 13 विधानसभा सीटों में 10 पर जीत दर्ज होने से मनाया जश्न, आतिशबाजी की

# कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई, एक-दूसरे को बधाई दी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है जनता: अफसाना
- कहा, देश में अब धर्म के नाम पर गुमराह करने वाली राजनीति नहीं चलेगी

**अमृत विचार।** देश के सात राज्यों में 13 विधान सभा सीटों पर हुए उप चुनाव के नतीजों में इंडी गठबंधन को खुशी मनाने का बड़ा मौका दे दिया। उप चुनाव में गठबंधन की भारी जीत का जश्न कांग्रेसियों ने जमकर मनाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाडे" बजाकर पटाखे फोडे" और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

लोकसभा चुनाव के बाद सभी सियासी दलों के लिए सात राज्यों की 13 विधान सभा सीटों पर उप चुनाव सबसे बड़ी परीक्षा थी। जिसमें इंडी गठबंधन ने एनडीए को चित्त कर दिया है। 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों ने इंडी गठबंधन को खुशी मनाने का बड़ा मौका दे दिया। रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू और शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में उप चुनाव में गठबंधन की जीत का जश्न मनाया। ढोल-नगाड़े बजाकर पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनता पीएम मोदी की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। यह जीत जनता की जीत है। लोकसभा चुनाव में अयोध्या में बीजेपी को जनता ने मुंह तोड़ जवाब दिया था। अब उत्तराखंड के बद्रीनाथ सीट पर विधानसभा उप चुनाव में हार मिली है। जिससे यह साफ हो गया कि अब इस देश में धर्म के नाम पर गुमराह करने वाली राजनीति नहीं चलेगी। शहर अध्यक्ष ने कहा कि विकास और संविधान बचाने के नाम पर लोगों ने इंडी गठबंधन को वोट देकर भाजपा को बड़ा सा संदेश दिया है।

इस मौके पर बी.लाल, राजबहादुर गुप्ता, संकटा प्रसाद त्रिपाठी, शिवबली सिंह, संतोष द्विवेदी, कैलाश बाजपेई, सुखदेव गांधी, राजेश गुप्ता पप्पू, सत्यप्रकाश द्विवेदी, धीरेंद्र पांडेय, केशव पाल, गेंदा प्रसाद यादव, शब्बीर सौदागर, इस्लाम, नाथूराम सेन, मुन्नीलाल, बादल भाई, वारिस अली, अली बक्श आदि उपस्थित रहे।


उप चुनाव में गठबंधन की जीत पर मिठाई बांटते कांग्रेसी। अमृत विचार

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**बांदा।** युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर वालों ने जहर खिलाने का आरोप लगाया। कमासिन थाना क्षेत्र के धुंधुई गांव निवासी रामनरेश विश्वकर्मा (35) पुत्र रामसनेही फर्नीचर का काम करता था। शनिवार की सुबह पड़ोसी युवक उसे काम करने के लिए बबेरू लिवा ले गया था। शाम को जब वह लौटा तो नशे की हालत में था। वह घर के बाहर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। पुत्र अभिषेक ने देखा तो उसे पीएचसी कमासिन में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पुत्र अभिषेक ने आरोप लगाया कि शराब में उसके पिता को जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वह आगे की कार्रवाई करेगा।


ई-रिक्शा चालकों को चेतावनी देते यातायात प्रभारी। अमृत विचार

# प्रमुख चौराहों पर चला चेकिंग अभियान

**बांदा।** यातायात प्रभारी द्वारा अपनी टीम के साथ शहर के बाबूलाल चैराहे व कालू कुआं चौराहे पर ई-रिक्शा चला रहे नाबालिगो को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें ई-रिक्शा न चलाने की कड़ी हिदायत दी और उनके अभिभावको को बुलाकर उन्हे भी सचेत किया गया।

यातायात प्रभारी ऋषि देव सिंह ने शहर के बाबूलाल व कालूकुआं चैराहे पर चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा व अन्य दो पहिया व तिपहिया वाहन चलाते हुए पाए जाने पर कड़ी चेतावनी दी कि वह वाहन न चलाए। साथ ही यह भी बताया कि वाहन चलाते हुए पाए गए तो उसके खिलाफ कडी कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि 25 साल की उम्र होने तक उसका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन सकेगा। कहा कि कानून के आधार पर धारा 125 के तहत कानूनी कार्यवाही का भी प्रावधान है और 25000 रुपए का जुमार्ना भी तय है। उन्होंने सभी वाहन चालकों तथा इनके अभिभावकों से अनुरोध किया है की यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने-अपने वाहनों का संचालन करें अन्यथा पकड़े जाने पर उक्त करवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि चेकिंग अभियान प्रतिदिन चलता रहेगा।

# उर्मिल बांध के डेड लेवल पर पहुंचा पानी, किल्लत

## पानी की समस्या से जूझ रहे शहरवासी, आधा घंटे हो रही जलापूर्ति, ऊंचाई वाले इलाकों में नहीं पहुंच रहा जल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहरवासियों की प्यास बुझाने वाले उर्मिल बांध का पानी डेड लेवल से नीचे पहुंच गया है, जिसके चलते इंटेकवेल में पानी जाने के लिए नमामि गंगे योजना के तहत बांध के दूसरे हिस्से में गहराई की तरफ भरे पानी को इटेकवेल तक लाने के लिए बड़ी-बड़ी पंपिंग सेट मशीनों के जरिए नाली में पानी डालकर इंटेकवेल तक भेजा जा रहा है, जिसके चलते बमुश्किल पानी की सप्लाई आधा घंटा मिल पाती है, जिससे पानी को लेकर लोगों में हायतौबा मची हुई है। माना जा रहा है कि 15 दिन के अंदर तेज बारिश नहीं हुई तो बांध का पानी पूरी तरह से खत्म हो जाएगा, जिससे पानी को लेकर हालात भयाभय हो सकते है।

उर्मिल बांध से महोबा शहर के अलावा श्रीनगर और ग्राम सिजहरी में भी पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन पिछले साल बारिश कम होने के कारण उर्मिल बांध में लक्ष्य के क्षमता के अनुरुप काफी कम पानी भर पाया था, जिससे इस साल माह जून में पानी कम हो जाने के कारण जल निगम ने पानी की सप्लाई आधा घंटा कर दी है। अब बांध का पानी और तेजी से सूखने के कारण लोगों की चिंताएं बढ़ने लगी है। लोग ईश्वर से बारिश होने के लिए प्रार्थनाएं कर रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन के निर्देश पर जल निगम में बांध के दूसरे हिस्से में भरे पानी को प्रयोग में लाने के लिए इंटेकवेल तक लगभग आधा किमी0 लम्बी नाली बनाई है और बांध के बड़े पावर के पंपिंग सेट मशीनें लगाकर पानी को नाली में डाला जा रहा है, जिससे किसी तरह बारिश होने पर लोगों को थोडी बहुत पानी की आपूर्ति होती है।


नाली बनाबर पंपिंगसेट के जरिए पानी खींचते कर्मचारी। अमृत विचार

### 5 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप

उर्मिल बांध से समदनगर की पहाड़ी पर बनाए गए सीडब्ल्यूआर टेंक में पाइप लाइन के जरिए पानी भरा जाता है, लेकिन बांध का पानी ही सूख जाने से सीडब्ल्यूआर टेंकर में नाम मात्र का पानी पहुंच रहा है, जिसके चलते समदनगर पहाड़ी के नीचे नयापुरा नैकाना, नैकानापुरा मोहल्लों में पांच दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। पानी की आपूर्ति न होने से यहां के बाशिंदों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। हालात यह है कि यहां के बाशिंदे अपने अपने कामकाज छोड़कर पानी के इंतजाम में जुट जाते हैं। बावजूद इसके उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे ऊंचाई के इलाकों में पानी की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। यहां के लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। जल निगम इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### करोड़ों रुपये की पेयजल योजना फेल

करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई महोबा पुर्नगठन योजना भी शहर वाशियों की प्यास नहीं बुझा पा रही है, जिससे लोगों में आक्रोश दिखाई दे रहा है। वर्ष 2010 में महोबा पुर्नगठन योजना के तहत उर्मिल बांध से महोबा शहर के लिए बिछाई गई पाइप लाइन द्वारा पानी की आपूर्ति शुरु की गई थी और भारी भरकम क्षेत्र में फैले उर्मिल बांध से पानी की सप्लाई होने पर लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन करीब डेढ दशक बाद भी महोबा पुर्नगठन पेयजल योजना भी लोगों को पानी नहीं पिला पा रही है। योजना दौरान उर्मिल बांध के बीचो बीच इंटेकवेल बनाया गया। श्रीनगर में फिल्टर प्लांट तैयार करने के बाद महोबा तक बांध से ढाई फिट चौड़ी पाइप लाइन बिछाई गई। इस पाइल लाइन के जरिए महोबा में बनाए गए तीन सीडब्ल्यूआर टेंक और एक ओवरहेड टेंक के लिए पानी भेजा जाता है, लेकिन आज कल टेंक में कम पानी आने से सप्लाई प्रभावित है।


उर्मिल बांध के डेड लेवल के नीचे पहुंचा पानी।

पानी की सप्लाई मात्र आधा घंटा होने से सप्लाई में फोर्स न होने के कारण ऊंचाई के इलाकों में पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे इन इलाकों में पानी को लेकर मारा मारी मचने लगी है। नगर पालिका और जल संस्थानों के टेंकरों से कई मोहल्लो में पानी भेजकर लोगों की प्यास बुझाई जा रही है, जो नकाफी साबित हो रही है, जबकि सिजहरी गांव की सप्लाई पानी की कमी के चलते प्रभावित हो रही है। यहां के ग्रामीण पानी को लेकर हैंडपंपों और कुओं में पहुंच रहे हैं, जबकि उन्हें जल निगम द्वारा पानी के बिल बराबर भेजे जा रहे हैं। यदि 15 दिन बारिश नहीं हुई तो बांध का पानी खत्म होने के आसार बढ़ जाएंगे।


बैठक में बोलते ब्लॉक अध्यक्ष भगत सिंह राजपूत। अमृत विचार

# ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध, आज देंगे धरना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शिक्षक संघों ने बैठक कर बनाई रणनीति, बेसिक शिक्षाधिकारी को भेजा धरने का नोटिस

**अमृत विचार।** ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महोबा की कार्य समिति, ब्लाक संघर्ष समिति एवं तहसील प्रभारियों की बैठक प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर ब्लाक एवं जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तर पर पारित प्रस्तावों में सम्मलित मांगों के निस्तारण होने पर ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में 15 जुलाई को धरना प्रदर्शक विरोध जताए जाने का निर्णय लिया गया साथ ही शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षाधिकारी को धरना दिए जाने का नोटिस भी भेज दिया है।

प्राथमिक शिक्षक सघ के जिलाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने कहा कि सरकार आनलाइन उपस्थिति लागू करने से पहले शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करे। शिक्षकों ने शासन द्वारा जारी किए गए आदेश को अव्यवारिक और असंवेदनशील बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक तो समय से विद्यालय पहुच रहा है, लेकिन इस तरह के नियम लागू होने से उनकी समस्याओं को भी देखना चाहिए। बैठक में शिक्षक संघ की सभी इकाईयों ने जोरदार तरीके से आनलाइन हाजिरी के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि शिक्षक बीएसए कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताएंगे।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष भगत सिंह राजपूत ने कहा कि शासन द्वारा तुकलकी फरमान जारी कर दिया है, जो अव्यवारिक है। ऐसे आदेश का शिक्षक विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में समय से स्कूल पहुंचने में बारिश के मौसम में शिक्षक नाले नालियां कीचड़ पार करके पहुंचते हैं। दुर्लभ रास्ते होने के बाद भी शिक्षक विद्यालय पहुंचने में समय की पाबंदी करते हैं, इसके बाद भी उनके ऊपर तरह तरह के नियम कानून लागू किए जा रहे हैं, जबकि परिषदीय विद्यालय के शिक्षक ही नवोदल विद्यालय और केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश अपनी योग्ता के बल पर प्रवेश पा रहे हैं। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री सुंदरलाल यादव, संयुक्त मंत्री कुलदीप तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णनंद तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक मंत्री दयाराम वर्मा, श्रीचंद्र यादव, कृष्णचंद्र विश्वकर्मा, सोनू मिश्रा, यशवंत राजपूत, सत्येंद्र राजपूत, नीतेश तिवारी, सनातन रावत सहित तमाम शिक्षक शामिल रहे।


# नाले-नालियों के जाल एक साल में टूटे, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

कार्यालय संवाददाता,पनवाड़ी महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे में नाले नालियों के निर्माण के बाद लोहे के जाल बनाकर उन्हें ढकने का काम किया गया था, लेकिन मजबूत जाल न होने के कारण एक साल के भीतर ही कस्बे के आधे से ज्यादा नाले नालियों के जाल टूटकर गायब हो गए हैं, जिससे वाहन निकलते समय नालियों में पहिए फंस जाने से चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है साथ ही वाहनों को नुकसान पहुंचता है, बावजूद इसके नगर पंचायत इन जालों को बदलने की जहमत नहीं उठा रहा है।

कस्बे पनवाड़ी के अंदर गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले व नालियों के ऊपर वाहनों की सुगम आवाजाही के लिए लोहे के जाल डाले गए थे। आरोप है कि एस्टीमेट में तो मजबूत लोहा सें बने जाल लगवाने का पैसा डाला गया, लेकिन यह लोहे के जाल भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए और कुछ ही दिनों में टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कस्बे में ज्यादातर नाले व नालियां चौड़ी होने के कारण जाल के बीच में सपोर्ट न होने के कारण जाल टूट गए है। दो पहिया, ईरिक्शा, आटो सहित चार पहिया वाहन जाल टूटने क कारण नाले नालियों फंस जाते हैं साथ ही गड्ढे के चलते वाहनों में टूट फूट भी हो जाती है। इतना ही वाहन पर पीछे बैठे व्यक्ति के गिरने का भी खतरा अधिक बढ़ जाता है। ग्राम पंचायत इन जालों को चिन्हित करके बदलवाने में रुचि नहीं दिखा रही है।

कस्बे के रावतनपुरा, पठानपुरा, रहूनियापुरा सहित अन्य मोहल्लों में बनाई गई नाले नालियों के कई महीनों से जाल टूटे पड़े हुए हैं, वहीं अग्निहोत्रीपुरा में नाली पर डले दो जालों में से एक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिजसे दो पहिया वाहन चालक किसी तरह निकल जाते हैं, लेकिन चार पहिया वाहन टूटे हुए जाल में पहिया फंस जाने से सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है और लोगों की मदद से निकाला जाता है, तब कहीं जाकर जाम के झाम से लोग निकल पाते हैं। मोहल्ले के लोगों ने टूटे हुए जाल के बावत कई बार संबन्धित अधिकारी को सूचित किया लेकिन आज तक नाले में जालों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे लोगो को भार दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा वासियों का कहना है कि बरसात होने के बाद नालियां के ऊपर से पानी बहता है।


नाली से गायब जाल। अमृत विचार

### जल्द सही करवाएंगे...

एसडीएम कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद ने बताया कि पीस कमेटी की बैठक में ताजिया कमेटी द्वारा इस बावत कोई जानकारी नहीं दी गई, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए गए थे और उन पर अमल भी किया जा रहा है। बताया कि नाला नालियों के जाल टूटे होने की जानकारी प्राप्त हुई है और उन्हें जल्द से जल्द सही कराए जाने के लिए खंड विकास अधिकारी और प्रधान को निर्देश दिए जा रहे है।

### ताजिया जुलूस मार्ग की नालियों के जाल भी क्षतिग्रस्त

- मोहर्रम माह की नौ व दस तरीख को कस्बा पनवाड़ी में ताजिये निकाले जाते है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित होकर निकलते हैं। ताजिया जुलूस मार्ग में पड़ने वाले नाले-नालियों के जाल क्षतिग्रस्त पड़े हुए हैं और संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक में इन मुद्दों को भी नहीं उठाया गया था लेकिन अभीतक कोई व्यवस्था नहीं की गई।

### गिरते-गिरते बचे

- कस्बा निवासी शंकरलाल मिश्रा बताते हैं कि एक साल से नाली से जाल टूटा हुआ है। किसी तरह दिन में इस टूटे जाल बचकर निकल जाते हैं, लेकिन रात में कम दिखाई देने से वह कई बार नाली का जाल टूटा होने की वजह से गिरते से बचे हैं।



# विद्यार्थियों पर बीमारियों का मंडरा रहा खतरा

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- कन्या विद्यालय भवन के पास डंप किया जा रहा कूड़ा

**अमृत विचार।** विद्यालय भवन के पास गोबर कूड़ा करकट का अंबार लगने से छात्रों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय सता रहा है। रोक न लगाने से लोग डंप करते जा रहे हैं।

विकासखंड मुस्करा के कस्बा बिवांर के बाला मोहाल में नए कन्या जूनियर विद्यालय भवन का निर्माण कार्य 22 लाख रुपये में कराया गया है। एक जुलाई से विद्यालय का संचालन शुरू कराया गया है। भवन के पास गोबर कूड़ा करकट का डंप लगा है। उसी जगह पर हर दिन सुबह शाम कूड़ा करकट गंदगी के डाले जाने का कार्य अभी भी जारी है। गंदगी का अंबार लगा होने से नौनिहालों को बरसात उमस भरी गर्मी के चलते संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय सता रहा है गोबर कूड़ा करकट गंदगी के भवन के पास डंप होने से बरसात के बाद धूप के निकलने पर दुर्गंध फैलती है।

# भाई पर अभद्रता कर पीटने का आरोप

**बिवांर(हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के बंडा गांव निवासी बलवीर पुत्र सियाराम ने थाना में दी तहरीर में बताया कि अपने मकान की पुताई का कार्य कर शाम को घर आया। उसके बड़े भाई हेतराम ने घर में नहीं घुसने दिया। घर के बाहर दरवाजे पर बैठ जाने पर अभद्रता कर मारपीट की। भाई हेतराम के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उधर भरखरी के बट्टू लाल पुत्र मोतीलाल ने खेत में भैंस ले जाने पर बउआ के पैर में डंडा मार दिया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

# नकदी व सोने-चांदी के जेवर चोरी

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाने के सिकरौधा गांव में अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए मकान के अंदर घुसकर पूजा वाले कमरे में रखें बक्सों से एक लाख 80 हजार रूपये की नगदी के अलावा लाखों रुपए की कीमत के सोने और चांदी के जेवरातों की चोरी कर वारदात को अंजाम दे डाला। घटना के बाद पीड़ित गृह स्वामी ने चिकासी थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के चिकासी थाना अंतर्गत सिकरौधा गांव के निवासी अमित कुमार पुत्र प्रमोद कुमार ने चिकासी थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने उसके मकान में धावा बोलकर मकान के अंदर पूजा वाले कमरे में रखे बक्सों से 1.80 लाख रुपये की नगदी व लाखों रुपए की कीमत के सोने और चांदी के जेवरातों की चोरी कर भाग गए।

# सीएचसी में मीनू के अनुरूप नहीं मिल रहा भोजन

संवाददाता, जैतपुर महोबा

- चिकित्साधीक्षक बोले, मामला संज्ञान में आया, ठेकेदार के खिलाफ होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में एनआरएचएम के तहत शासन द्वारा गर्भवतियों को मीनू के अनुसार सुबह नाश्ता, दोपहर का भोजन नहीं दिए जाने का मामला सामने आया है। इस पर अस्पताल प्रशासन ने ठेकेदार पर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में ठेकेदारी प्रथा के चलते उक्त योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकातय ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्साधिकारी से की। मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में एनआरएचएम के तहत शासन द्वारा गर्भवती महिला मरीजों को मीनू के अनुसार सुबह नाश्ता, दोपहर का भोजन एवं रात्रि के भोजन में फल, अंडे, दूध, रोटी, दाल, सब्जी, सलाद आदि निशुल्क भोजन देने के लिए लाखों का बजट स्वीकृत किया जाता है और उक्त कार्य को ठेके पर देकर मरीजों को योजना के तहत सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन शासन की इस जनहित योजना का अधिकतर लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है, इसी का लाभ उठा कर ठेकेदार योजना को कागजों में संचालित कर मरीजों के हक का लाखों के बजट का विभागीय उच्चाधिकारियों से बंदरबांट कर गोलमाल कर रहा है। प्रसव कराने वाली महिलाओं में ग्राम जैतपुर की जमीदारी निवासी सिद्धवती पत्नी मनीष, पुरवा जैतपुर की प्रियंका पत्नी पवन राजपूत सहित कई महिलाओं का कहना है कि उनका प्रवस हुआ था, लेकिन आज तक नाश्ते के नाम पर केवल चाय ही मिल सकी है और भोजन में मूंग की दल, दो रोटी मिली हैं, जिससे भूख न मिटने पर बाहर से खाने का इंतजाम करना पड़ा। नाश्ते में ब्रेड दूध भी नहीं दिया गया। शिकाती पत्र में बताया कि इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी भी परिसर में कहीं चस्पा नहीं की गई है, जबकि जानकारी चस्पा करने के स्पष्ट निर्देश शासन से प्राप्त हैं। चिकित्साधीक्षक जैतपुर डॉ. आशीष तिवारी का कहना है कि मीनू के अनुरुप नाश्ता भोजन की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की है, लेकिन इससे पहले किसी भी प्रसव कराने वाली महिला ने शिकायत नहीं की थी, अब शिकायत मिली है, जिसे गम्भीरता से लेकर ठेकेदार के खिलाफ उच्चाधिकारियों को लिखा पढ़ी की जाएगी।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर। अमृत विचार

मोहर्रम — अलाव खेलने वाले दीवाने अलाव में कूदकर अंगारों को फूलों की तरह बाहर उछालते हैं

# हजरत इमाम हुसैन की याद में अंगारों पर मातम करेंगे उनके दीवाने

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम त्योहार पर मोहर्रम की नौ तारीख से दस तारीख तक शहर के अलग-अलग मोहल्लो में ताजिया जुलूस, बुर्राख, दुलदुल जुलूस, अलम जुलूस निकालने के साथ-साथ गिरोह जुलूस निकाला जाता है। इस त्योहार पर दस दिन तक जोरदार तरीके से अलग-अलग स्थानों पर हलीम, खिचड़ा, दालचा का लगर कराया जाता है, जिसके चलते दस दिन तक शहर का कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रह पाता।

इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम की नौवीं को शहर के कई मोहल्लों में लोग अंगारों पर मातम करेंगे। इतना ही नहीं अलाव के प्रति अकीदत के चलते युवाओं को आग के अंगारों से भी कोई दर्द महसूस नहीं होता है।

शहर के मोहल्ला हवेली दरवाजा, काजीपुरा, चौसियापुरा, पशु बाजार, सुभाष चौकी के पीछे, बंधानवार्ड और फतेहपुर बजरिया सहित आधा दर्जन से ज्यादा मोहल्लों मैदानों में अलाव खेला जाता है।

अंगारों पर मातम देखने के लिए मुस्लिमों के अलावा हिन्दू भाइयों की भी भारी भीड़ जुटती है। अलाव मैदान की नौवीं तारीख को जगह पाने की गरज से देर शाम से ही खचाखच भर जाती है, इसके बाद भी अलाव देखने के लिए लोगों का आना जाना ग्यारह बजे तक लगा रहता है।

अलाव ग्यारह बजे से शुरु होकर रात में दो बजे तक चलता रहता है, लेकिन भीड़ में कोई कमी नहीं आती है। अलाव खेलने के दौरान दूल्हा दूल्हा की सदाओं की गूंज से अलाव खेलने के दीवानों में जोश भर दिया जाता है साथ ही मातमी धुन कानों में गूंजते ही युवा अंगारों को फूल समझकर उस पर मातम करते हैं।

अलाव खेलने वाले लोग मोहर्रम की एक तरीख से नौ दिन तक धार्मिक हिसाब से खानपान और चलने फिरने में बड़ा परहेज करते हैं। तपती धूप हो या मार्गों में कीचड़ वह नौ दिन तक नंगे पैर ही चलते है। कुछ लोग मोहर्रम के दस दिनों तक कोई कामकाज भी नहीं करते हैं। अंगारों के प्रति युवाओं में इतना जूनून सवार रहता है कि वह ज्यादातर समय इमामबाड़ों में गुजारते हैं। आग का मातम करने को युवाओं में होड़ रहती है।


इमामबाड़े में रखी ढाल सवारी। अमृत विचार

### पुलिस ने किए पुख्ता इंतजाम

शहर में अलग-अलग स्थानों पर अलाव में जुटने वाली भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा हर साल सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं, लेकिन इस साल हथरस में हुई घटना के बाद से पुलिस प्रशासन ने मोहर्रम त्योहार को लेकर और सतर्कता बढ़ा दी है, जिसके चलते अब मोहर्रम त्योहार पर निकलने वाले ताजिए जुलूस और अलाव में जुटने वाली भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं साथ ही पुलिस कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए अलर्ट भी कर दिया गया है।

### आठवीं तारीख से निकलती हैं ढाल सवारियां

मोहर्रम की आठवीं तारीख से शहर में ढाल सवारियां एक मोहल्ले के इमाबाड़ों से दूसरे मोहल्लों के इमामबाड़ों पर सजदा करने जाएंगी, जिसके चलते इमामबाड़ों में ढाल सवारियां बनाकर तैयार कर ली गई है, वहीं कुछ इमामबाड़ों में ढाल सवारियां बनाए जाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। मोहर्रम पर्व में ताजियों के अलावा ढाल सवारियां भी शहर में निकलने लगी हैं। मातमी धुन के बीच निकलने वाली ढाल सवारियां देखने के प्रति महिलाओं और बच्चों में कुछ अधिक रुचि दिखाई देती है, यही वजह है ढाल सवारियों के बीच बजने वाली मतमी धुन को सुनकर महिलाएं घरों से बाहर निकल आती हैं।

### मिठाई विक्रेताओं की रहती बल्ले-बल्ले

मोहर्रम त्योहार शुरू होते ही मिठाई विक्रेताओं की बल्ले बल्ले हो गई है। दस दिन तक मिठाई की अधिक खपत होने के कारण जहां मिठाई विक्रेता अधिक मिठाई बनवा रहे हैं, वहीं मोहर्रम को देखते ही तमाम मिठाई की दुकाने भी खुल गई हैं, जहां पर जलेबी, लड्डू, बूंदी, गुजिया, कालाजाम की सबसे ज्यादा बिक्री हो रही है। मोहर्रम का चांद दिखते ही घरों और मस्जिदों में इमाम हुसैन की याद में कुरान ख्वानी होने और हर घर में मिठाई मंगाकर फातिहा दिलाने के कारण मिठाई की मांग बढ़ गई है। मोहर्रम की नौवीं तारीख को शहर के सभी इमामबाड़ों में मिठाईयों से प्याले भरकर मन्नते मानते है, मन्नत पूरी होने के बाद डबल प्याले मिठाइयों से भरे जाते हैं, जिससे नौ तारीख को सबसे ज्यादा मिठाई बिक्री होती है।

# पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के ग्राम घटेरा में तीन दिन पहले महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना महोबकंठ के ग्राम महोबकंठ निवासी मुन्नी उर्फ मोहनी 25 पत्नी भूपेन्द्र ग्राम व थाना महोबकंठ जिला महोबा की रात में सोते समय संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में मृतका के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मृतका मुन्नी उर्फ मोहनी की बहन कुन्ती पत्नी गुलाब सिंह महोबकंठ जनपद महोबा की तहरीर के आधार पर थाना महोबकंठ में मृतका के पति आरोपी भूपेन्द्र कुमार पुत्र सन्तराम 30 निवासी ग्राम महोबकंठ थाना महोबकंठ जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। बताया कि तहरीर मिलने के बाद महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा व्यापक रूप से आरोपी की तलाश की गयी। इस पर आरोपी भूपेन्द्र कुमार पुत्र संतराम अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम महोबकंठ थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम कनकुआ पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह और मुन्नी उर्फ मोहिनी उपरोक्त पति-पत्नी है। पत्नी मुन्नी अपने साढ़ू गुलाब के लडके की शादी में ग्राम घटेरा गये थे, जिसमें शादी में बारात में जाने की बात को लेकर हम दोनों में आपस में लड़ाई झगड़ा हुआ था। मेरी पत्नी अक्सर मुझसे लड़ती झगड़ती थी हर बात पर मुझे नीचा दिखाने का प्रयास करती थी।

## एक नजर

### विवाहिता ने खाया जहर हालत गंभीर

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में परिजनों से नाराज होकर 22 वर्षीय विवाहिता ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन आनन फानन स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कुतुबपुर गांव निवासी सजनी (22) पत्नी अरविंद कुमार रविवार को सुबह करीब साढ़े 8 बजे परिजनों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत खराब देख परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मोर को आवारा कुत्तों ने नोच डाला

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** रविवार को सुबह विदोखर में पावर हाउस के समीप सड़क में टहल रहे राष्ट्रीय पक्षी मोर पर आवारा कुत्तों ने हमला बोलकर बुरी तरह से घायल कर दिया। मोर ने एक मकान में घुसकर जान बचाई। गृह स्वामी ने घटना से वन विभाग को अवगत कराया। वन कर्मी उसे लेकर पशु अस्पताल पहुंचे लेकिन उसने उपचार के पूर्व ही दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया।

रविवार को सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर पर टहलते समय आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। मोर ने रुपेंद्र यादव के घर में घुसकर जान बचाई। रूपेंद्र ने घटना से वन विभाग को अवगत कराया। सूचना पाकर पहुंचे वनकर्मी उसे लेकर इलाज के लिए पशु अस्पताल पहुंचे। यहां उपचार के पूर्व ही उसने दम तोड़ दिया। पशु चिकित्सक डा. आरबी सिंह यादव ने पोस्टमार्टम के बाद शव को वन कर्मियों को सौंपा। वन कर्मियों ने सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### करंट लगने से साउंड सर्विस संचालक की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** भागवत कथा के लिए लगे पंडाल में साउंड सिस्टम लगाने आया युवक करंट की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलस जाने पर उसके साथी इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाए। जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौदा स्थित मामादेव मंदिर में रविवार से भागवत कथा शुरू हुई है। जिसके पंडाल में साउंड लगाने के लिए शनिवार का शाम बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम राजामऊ निवासी वीर बहादुर (30) अपना साउंड का सामान लेकर आया था। साउंड सिस्टम सेट करते समय वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। वहीं घटना से परिजनों में मातम छा गया।

# युवक को तेज रफ्तार लोडर ने तीन किलोमीटर घसीटा, मौत

## युवक लोडर के कुंदे में फंस गया था

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

- पुलिस ने लोडर व चालक को पकड़ा

**अमृत विचार।** सरसई गांव के पास कालपी हमीरपुर हाईवे पर तेज रफ्तार लोडर ने सड़क पार कर रहे 22 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। युवक लोडर के कुंदे में फंस जाने से करीब तीन किलोमीटर तक गाड़ी के नीचे घिसटता चला गया। ग्राम प्रधान उदनपुर की सूचना पर पुलिस ने कदौरा के पास लोडर व चालक को पकड़ा। घायल युवक को कदौरा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



प्रहलाद।

सरसई गांव निवासी प्रहलाद (22) शनिवार शाम करीब साढ़े 7 बजे भैंसापाली मार्ग से टहलकर गांव की तरफ आ रहा था। तभी कालपी हमीरपुर हाईवे पर कुरारा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी और टक्कर मारने के बाद युवक लोडर के कुंडे से फंस गया। जिससे करीब 3 किलोमीटर उदनपुर गांव तक घिसटता हुआ चला गया।

उदनपुर गांव के पास ग्रामीणों ने लोडर के नीचे युवक को घसीटते हुए देखा तो बाइक से लोडर का पीछा किया और इस घटना की जानकारी ग्राम प्रधान उदनपुर ने थाना कदौरा पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना कदौरा पुलिस ने कस्बा कदौरा के पास बने पेट्रोल पंप के पास लोडर व चालक को पकड़ लिया और पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने घायल प्रहलाद को कदौरा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सड़क हादसों में महिला सहित 6 घायल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित छह लोग घायल सभी घायलों को लहूलुहान हालत में साथियों सहित राहगीरों की मदद से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

रविवार की दोपहर सिसोलर थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी मनोज कुमार (28) व प्रवेंद्र (24) निवासी तेंदुआ एक ही बाइक में सवार होकर भैंसमरी की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे ई रिक्शा की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर घायल हो गए। लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसी प्रकार शनिवार की दोपहर प्राथमिक विद्यालय रतौली के अध्यापक अभिषेक दीक्षित (33) विद्यालय समय के बाद कस्बे की ओर जाते समय रमना में पोपट के ट्यूबवेल के निकट सामने से आ रहे बाइक सवार अजय कुमार साहू (22) निवासी चांदी बुजुर्ग की बाइक से टक्कर हो जाने पर कस्बे के अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीम उद्दीन ने बताया कि हमीरपुर के चिकित्सकों में कानपुर के लिए रेफर कर दिया। तीसरी घटना गोविंद (25) निवासी रतौली को गंभीर अवस्था में परिजन सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसी प्रकार शनिवार की शाम मन्नू (62) पत्नी मौजीलाल निवासी कुनेहटा सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गई। जिसे गांव वालों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की चली गई जान

**राठ (हमीरपुर)।** महोबा मार्ग पर बसेला गांव के पास तेज रफ्तार एक ट्रक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बे के जुगियाना मोहल्ला निवासी अफसार उर्फ मुन्नू पुत्र साकिर अपने साथी ताहिर उर्फ बुल्लन के साथ उसके पुत्र अरहान को रविवार की सुबह मप्र के छतरपुर जनपद के लवकुश नगर में छोड़ने गए थे। वहां से वह दोनों बाइक से वापस राठ आ रहे थे। राठ-महोबा मार्ग पर बसेला गांव के पास तेज रफ्तार एक ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक चला रहे अफसार उर्फ मुन्नू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसका साथी ताहिर उर्फ बुल्लन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। नाजुक होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि अफसार उर्फ मुन्नू की शादी नहीं हुई थी। वह मजदूरी करता था। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कार्रवाई की जा रही है।

# ससुराल में दामाद ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- साले के बेटे की शादी में शामिल होने आया था युवक
- बारात के साथ लौटने के बाद जमकर शराब पी थी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सिजनौड़ा गांव में साले के बेटे की शादी में शामिल होने के बाद ससुराल में रुके दामाद ने जमकर शराब पी। इसके बाद शनिवार रात अपने ससुर के साथ नलकूप पर सोने चला गया। बताया गया कि देर रात दामाद ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना रविवार सुबह रेलवे कर्मियों ने पुलिस को दी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस घटना से शादी वाले घर की खुशियां गम में बदल गईं।

कोतवाली क्षेत्र के गहरौली खुर्द गांव के टिटहरी डांड निवासी चेतराम (42) अपनी ससुराल सिजनौड़ा पिछले 10 जुलाई को साले पप्पू के लड़के सोहन की शादी में शामिल होने आया था। जहां वह 12 जुलाई को शादी में बारात में शामिल होने महुआ पुरवा गांव गया। इसके बाद 13 जुलाई को वहां से बारात के साथ ससुराल सिजनौड़ा लौटा था। घर में विवाह कार्यक्रम के चलते देर शाम तक घर में गाना बजाना आदि कार्यक्रम चलता रहा। शादी वाले घर में भीड़भाड़ को लेकर वह अपने ससुर राम सिंह के साथ सोने के लिए देर रात घर से कुछ दूर बने नलकूप में चला गया। वहीं उसके ससुर राम सिंह के अनुसार आधी रात में जैसे ही नींद में सो गया। तभी दामाद चेतराम दारू के नशे में वहां से निकल गया। सुबह पता चला कि निकट के बांदा कानपुर के रेलवे ट्रैक पर कटा पड़ा है। दामाद का बिस्तर खाली देख वह भी वहां पहुंचा। देखा कि उसका दामाद ट्रेन से कटा पड़ा है। वह आत्महत्या के पीछे का कारण नहीं बता सका। कहा सब ठीक था। दामाद शराब ज्यादा पिए था। घटना की सूचना रविवार सुबह रेलवे ट्रैक में काम करने गए कर्मचारियों ने पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस घटना से चेतराम के गांव तथा ससुराल पक्ष के लोगों में शोक पसरा है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि लोगों ने पूछताछ में बताया कि मृतक शराब पीने का शौकीन था, लेकिन अभी कोई शिकायत नहीं आई है। यदि कोई शिकायत आती है तो जांच की जाएगी।

# आषाढ़ मास के चौथे रविवार को भुइयां रानी मंदिर में लगी श्रद्धालु की लाइन

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित प्राचीन भुइयां रानी मंदिर में आषाढ़ मास के चौथे रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूजा अर्चना कर मेला का आनंद लिया। मंदिर परिसर में उपलों में भौरियां बनाकर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

क्षेत्र के झलोखर गांव में प्राचीन मां भुइयां रानी का मंदिर स्थित है। इस मंदिर में वर्ष भर प्रत्येक रविवार को भक्तों का आवागमन रहता है। ऐसी मान्यता है कि वात रोग इस मंदिर की मिट्टी का लेप करने से दूर हो जाती है। अन्य प्रांत के लोग भी मंदिर में आते रहते हैं। मंदिर के पुजारी राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि आषाढ़ मास में इस मंदिर की महत्ता बढ़ जाती है। प्रत्येक रविवार को ब्लाक क्षेत्र के गांवों के लोग मंदिर परिसर में आग के उपले में भौरिया बनाकर खाते हैं और मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। समाजसेवी अखिलेश सिंह गौर ने बताया कि इस मंदिर में मिट्टी (रज) का महत्व विशेष है। इस मिट्टी में औषधीय तत्व पाए जाते हैं। जिससे हाथ पैर में होने वाले वात रोग में राहत मिलती है। इस मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक है। अन्य जनपद व अन्य प्रांत के लोग आकर एक रात मंदिर में रुकते हैं। रविवार को सुबह पूजा अर्चना करते हैं। मंदिर के बाहर मेला आयोजित किया गया। जिसमे श्रद्धालुओं ने रोजमर्रा के सामान की खरीद की।



भुइयां रानी मंदिर में दर्शन करने जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ एकत्र रही। वहीं श्रीकांत शुक्ला द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस भी मौजूद रही।

# गांव में चल रहे अवैध अस्पताल को सीएमओ ने किया सीज

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बिना पंजीकृत क्षेत्र में चल रही अस्पतालों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नकेल कसना शुरू कर दी है। जिसके फलस्वरूप रविवार को क्षेत्र में चल रही अवैध अस्पताल पर छापेमारी कर उसे सीज कर दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की इस कार्यवाही से इस क्षेत्र से जुड़े अवैध अस्पताल संचालकों में हाहाकार मचा हुआ है।

क्षेत्र के कम्हरिया गांव में लगभग एक वर्ष से ज्यादा समय से संचालित अवैध अस्पताल पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गीतम सिंह ने रविवार को छापेमारी कर सीज किया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह अस्पताल डॉक्टर शनी नामक व्यक्ति चलाता था जो कि मूल रूप से इसी गांव का रहने वाला था। लेकिन वर्तमान समय में लखनऊ में रहता है जो अपने गांव में प्रत्येक शनिवार की शाम आकर अपने निवास स्थान पर चर्म रोग, मुहासे, दाग-धब्बा, खुजली तथा बालों से संबंधित अनेक प्रकार की बीमारियों का इलाज करने का दवा भरता है तथा दूर दराज से आए हुए मरीजों को अंग्रेजी एवं आयुर्वेदिक दवाओं के भारी भरकम कीमत के पर्चे लिखकर देता था। जिससे गाढ़ी कमाई कर अपनी जेब भरता रहा है।

वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के इस कार्यवाही से क्षेत्र भर में संचालित बिना पंजीकृत अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बताते चलें कि नगर सहित क्षेत्र भर में संचालित अवैध अस्पतालों पर बैठकर झोलाछाप डॉक्टर भोले भाले मरीजों की जेबों पर डाका डालने का काम करते हुए छोटी सी छोटी बीमारियों पर हजारों रुपये का पर्चा बनाकर उन्हें ठगने का काम करने में पूरी तरह से लगे हुए हैं। इनका पूरा रैकेट चल रहा है।

## सार-संक्षेप



मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों को देखते चिकित्सक। अमृत विचार

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में देखे गये 261 मरीज

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** रविवार को ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 261 मरीजों का उपचार किया गया। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के पौथिया, कलौलीजार, छानी, बिदोखर, पत्योरा, पचखुरा बुजुर्ग, मौहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 261 मरीजों का उपचार किया गया। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ.परवेज कादरी आदि ने मौजूद रहकर मरीजों का उपचार किया। यहां पर 59 मरीजों का इलाज किया गया जबकि विदोखर में 21, मौहर में 36, पत्योरा में 53, पचखुरा बुजुर्ग मे 23, कलौलीजार में 22, पौथिया में 15 तथा छानी सामुदायिक केंद्र में 32 मरीजों का उपचार किया गया। प्रचार प्रसार का अभाव होने के कारण इन मेलों में मरीजों का घोर अभाव रहता है। स्वास्थ्य कर्मी भी खानापूर्ति में जुटे रहते हैं।



नेत्र शिविर में मरीज की आंख की जांच करती सर्जन डॉ.रूचि गुप्ता। अमृत विचार

### शिविर में नेत्र सर्जन ने की मरीजों की आंखों की जांच

**राठ (हमीरपुर)।** उरई के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ.रूचि गुप्ता ने कस्बे के बजरिया स्थित हीरा सेठ के गोदाम के पास एक क्लीनिक पर निशुक्ल नेत्र शिविर लगाया। शिविर के दौरान करीब एक सैकड़ा से अधिक मरीजों के आंखों की जांच हुई। शिविर के दौरान कुछ मरीजों की आंखों में मोतियांबिंद के लक्षण मिलने पर उन्हें आपरेशन की सलाह दी। इस दौरान नेत्र सर्जन डा.रूचि गुप्ता ने कहा कि बरसात के मौसम में आंखों की देखभाल बहुत जरूरी है। यदि आंखों में कोई इंफेक्शन आए तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। कहा कि इस बरसात के मौसम में आंखों की बीमारियां ज्यादा फैलती हैं। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ.सुबोध मिश्रा, बॉबी गुप्ता, नेत्र परीक्षक नरेंद्र साहू रहे।



नवनियुक्त अध्यक्ष को माला पहना स्वागत करते स्वर्णकार समाज के लोग।

### राष्ट्रीय भागीदारी मंच के बुंदेलखंड अध्यक्ष बने बृजेंद्र सोनी

**राठ (हमीरपुर)।** राष्ट्रीय भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कस्बे के समाजसेवी बृजेंद्र कुमार सोनी 'भोले' को बुंदेलखंड क्षेत्र का अध्यक्ष मनोनीत किया है। बृजेंद्र सोनी के अध्यक्ष बनने पर कस्बे के लोगों में खुशी छा गई। स्वर्णकार समाज के लोगों ने बृजेंद्र सोनी का फूल मालाओं से स्वागत किया। रविवार को राष्ट्रीय स्वर्णकार भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार ने बृजेंद्र कुमार सोनी उर्फ भोले को बुंदेलखंड क्षेत्र का अध्यक्ष मनोनीत करने पर खुशी छा गई। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने समाज के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनका शीघ्र निस्तारण करने की बात कही। श्रीकांत सोनी, मनोज सोनी, राजेंद्र सर्राफ, श्री किशन सोनी, ओमप्रकाश, ब्रजेंद्र सोनी, देवेंद्र सोनी, सुरेश, रोहित, जीतेंद्र, राकेश सोनी, प्रदीप सोनी, राजेश, अतुल, ओम नारायन, ब्रजकिशोर सोनी, मनीष सोनी गुड्डू, शिवा, चंद्रशेखर, भरत, पप्पू, अशोक आदि रहे।

### सरकारी हैंडपंप में पानी भरने को लेकर मारपीट

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड एक निवासी महिला ने हैंडपंप में पानी भरने के दौरान गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है। कस्बे के वार्ड एक निवासी महिला राधा पत्नी भूरा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले में लगे सरकारी हैंडपंप में पानी भरने के दौरान मोहल्ला निवासी रामसनेही व इसके पुत्र शेखर, राम सजीवन व दोनों की पत्नी पानी भरने से मना करती है तथा गाली गलौज करती है। मना करने पर मारपीट करने को आमादा हो जाती है।

# .. तो क्या प्रशासन की शह पर धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- चरखारी रोड़ पर कस्बा खेड़ा के पास हो रहा जेसीबी मशीन से मिट्टी खनन

**अमृत विचार।** कस्बे के चरखारी रोड़ पर पिछले कई महीनों से हो रहे मिट्टी के अवैध खनन पर प्रशासन अंकुश नहीं लगा पा रहा है। सारी रात मिट्टी से लोड ट्रैक्टर धड़ाधड़ फर्राटा भर रहे हैं। मिट्टी से भरे ट्रैक्टरों के फर्राटा भरने से सड़क पर चलने वालों की जान पर आ गई।

गौरतलब है कि कस्बे के चरखारी रोड़ स्थित कस्बा खेड़ा के पास बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जानकार बताते हैं कि यह खनन दिन के समय बंद रहता है। शाम ढलते ही ट्रैक्टर मिट्टी भरने के लिए पहुंचने लगते हैं। जहां पर पहले से लगी जेसीबी मशीनों से मिट्टी की खुदाई कर खनन किया जा रहा है। रात को सैकड़ों की तादाद में मिट्टी से भरे ट्रैक्टर फर्राटा फरते हैं। जिससे सड़क पर चलने वालों की जान पर आ गई है। दो दिन पहले चरखारी रोड़ पर रात में मिट्टी भरकर आ रहे एक ट्रैक्टर ने दो बाइक सवारों को रौंद दिया था। जिससे वह घायल हो गए थे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियोंके इशारे पर अवैध खनन हो रहा है।

# सड़क पर दलदल, ग्रामीणों ने दी जाम की धमकी

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सुमेरपुर विकासखंड के कलौलीजार गांव में दलदल वाले रास्ते से आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने चौबीस घंटे के अंदर पानी की निकासी न कराने पर राठ हमीरपुर मार्ग पर जाम लगाने की बात कही है। साथ ही धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे।

मुख्यालय से महज 5 किमी दूर राठ हाइवे किनारे बसे कलौलीतीर गांव का है। बता दें कलौलीतीर गांव में खेरापति बाबा मंदिर के सामने से गांव के अंदर जाने वाली मुख्य रास्ते में करीब पंद्रह दिनों से सीसी सड़क पर नालियों का गंदा पानी भरा है। जिससे लोगों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दलदल भरे पानी से आम आदमी व स्कूली बच्चे गुजरते हैं। ग्राम प्रधान सहित सचिव इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीण कई बार प्रधान सहित अन्य अधिकारियों को समस्या दूर करने को निवेदन कर चुके हैं, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। गांव के निवासी जय प्रकाश, कृपाल, अवधेश, दुष्यंत एडवोकेट, सुखबीर, पूर्व प्रधान चौधरी, कामता, प्यारे, दुलारे , नसीर अहमद पूर्व प्रधान, विनोद सचान पूर्व प्रधान, भिखारी लाल, जयपाल, रामकृपाल, गोपाल, पान कुमारी आदि सैकड़ों लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान अवगत करा नाले की साफ सफाई कराने की मांग की है। राजकुमार, भगवती प्रसाद, बीर सिंह, अमर सिंह ने बताया कि मुख्य सड़क किनारे बने नाले को कुछ लोगों मिट्टी से पाट दिया है। पाइप जाम के कारण गांव के अंदर से आने वाला नालियों का पानी व बारिश का पानी नहीं निकल पाता है। जिससे आरसीसी सड़क पर भरा है। दल-दल भरे पानी से निकलने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने चौबीस घंटे के अंदर अगर पानी निकलने की व्यवस्था नहीं हुई तो राठ हमीरपुर मार्ग पर जाम लगाने के लिए मजबूर हो जाएंगे।



कलौलीजार गांव के सड़क में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

## खेती-बाड़ी

चित्रकूट धाम बांदा मंडल में 103751 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तिल की बुआई कराने की तैयारी

# तिल फसल का रकबा बढ़ाने में जुटा कृषि विभाग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** तिल की खेती का रकबा बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। इसके लिए बड़ी मात्रा में बीज आया है, जिन्हें कृषि विभाग ने किसानों को बांटना शुरू कर दिया है। हर किसान को मिनी किट में दो किलो तिल का बीज मिलेगा। विभाग ने 31 जुलाई से पहले किसानों को मुफ्त तिल के बीज बांटने का प्लान बनाया है।

बुंदेलखंड के जनपदों में लाखों किसान खरीफ की फसलों में तिल की खेती से अपनी तकदीर बदलते हैं। हर साल की तरह इस बार भी किसानों ने आमदनी दोगुनी करने के लिए तिल की खेती का रकबा बढ़ाया है। अकेले जिले में ही सवा दो लाख से अधिक किसान खेती-बाड़ी करते हैं। अबकी बार चित्रकूट धाम बांदा मंडल के चारों जिलों में 103751 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तिल की बुआई कराने की तैयारी कृषि विभाग ने की है। उपनिदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव ने बताया कि जिले में अबकी बार तिल की खेती का रकबा शासन ने बढ़ाया है। यहां 45961 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तिल की बुआई शुरू कराई गई है। जबकि महोबा में 42513 हेक्टेयर, बांदा में 13566 हेक्टेयर व चित्रकूट में 1711 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तिल की बोआई का लक्ष्य निर्धारित किया है। बताया तिल फसल की बोआई के लिए बीज का वितरण शुरू कराया गया है। इस बार शासन ने किसानों को मुफ्त तिल के बीज मुहैया कराने की व्यवस्था की है। यह बीज पंजीकृत किसानों को दिया जा रहा है। बुआई के बाद इसका सत्यापन कराया जाएगा। साथ ही उपज का भी आकलन कराया जाएगा।

**31** जुलाई से पहले विभाग ने किसानों को मुफ्त तिल के बीज बांटने का प्लान बनाया है

### 45 हजार से अधिक हेक्टेयर में तिल की होगी बुआई

- जिले में अभी तक 251 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तिल की बुआई किसानों ने की है जबकि महोबा में 135 हेक्टेयर में तिल की बुआई की गई है। चित्रकूट में भी 25 हेक्टेयर में तिल की बोआई करा गई है। वहीं अन्य जिलों में अभी बोआई नहीं हो सकी।

### 5 हजार किसानों को मुफ्त मिनी बीज किट

- बुंदेलखंड क्षेत्र में धान और मूंगफली की खेती का रकबा बढ़ने से किसानों का मोह तिल की फसल से भंग हो रहा है। इसके मद्देनजर सरकार ने तिल की फसल का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए किसानों को मुफ्त बीज बांटने का इंतजाम किया है। जिले में तिल फसल का रकबा बढ़ाने के बाद किसानों को मुफ्त बीज बांटना शुरू कर दिया है। सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र में 15 हजार किसानों को मुफ्त मिनी बीज किट मुहैया कराया गया है। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि मिनी किट में दो किलो तिल बीज है जिसे किसानों को मुफ्त बांटा जा रहा है।



## डिजिटल हाजिरी के विरोध में आज शिक्षक देंगे ज्ञापन

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर शिक्षकों की व्यवहारिक मांगों और डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में सोमवार को ज्ञापन बीएसए को प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है। बताया सोमवार को 2:30 बजे समस्त जनपद के शिक्षक आंबेडकर पार्क में एकत्रित होंगे और वहां सांकेतिक धरने के पश्चात मार्च करते हुए बीएसए ऑफिस पहुंचकर बीएसए को ज्ञापन सौंपेंगे। बता दें कि डिजिटल हाजिरी लगाए जाने का विरोध पहले दिन से ही शिक्षक कर रहे हैं। शिक्षक संगठन लगातार अपना विरोध दर्ज कराते हुए शासन तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं।

